नितेश और नवीन ने बैडमिंटन में जीते स्वर्ण

आइची नागोया (एजेंसी)। एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन किया। नितेश कुमार और नवीन शिवकुमार ने पुरुष एकल की एसएल3 और एसएल4 स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक



जीते। नितेश ने फाइनल में हमवतन प्रमोद भगत को हराया, जबकि नवीन ने इंडोनेशिया के फ्रेडी सेटियावान को मात दी। वहीं, प्रमोद भगत, थुलासिमति मुरुगेसन और नित्या श्री सुमति सिवन को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के नितेश कुमार ने पुरुष एकल एसएल3 स्पर्धा के फाइनल में हमवतन प्रमोद भगत को 21-18, 21-16 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के बीच हुए इस मुकाबले में नितेश ने लगातार दो गेम जीतकर खिताब हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नितेश ने कहा कि एशियन गेम्स का स्वर्ण पदक जीतकर बहुत खुश हूं।

चीन को हराकर थुलासिमथी-मानसी बनीं चैंपियन

भारत को मिला 28वां स्वर्ण, कुल पदकों की संख्या 106 पहुंची

आइची नागोया (एजेंसी)। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों थुलासिमथी मुरुगेसन और मानसी गिरिशचंद्र जोशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला युगल एसएल3-एस5 वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में चीन की यांग किउशिया और जियाओ जूशियान को सीधे गेमों में 21-16, 21-13 से हराकर गोल्ड जीता। इस जीत के साथ भारत ने नागोया में अपने स्वर्ण पदकों की संख्या 28 पहुंचा दी है। इसके साथ ही भारत ने हांगझोऊ 2022 में जीते गए 28 स्वर्ण पदकों की बराबरी कर ली है।

थुलासिमथी मुरुगेसन और मानसी गिरिशचंद्र जोशी ने फाइनल मुकाबले में बेहतरीन



तालमेल और दमदार खेल का प्रदर्शन किया। भारतीय जोड़ी ने चीन की चुनौती का मजबूती से सामना करते हुए पहला गेम 21-16 से जीता, जबकि दूसरे गेम में 21-13 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने 2025 एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में चीनी जोड़ी के खिलाफ मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी भारतीय जोड़ी के लिए यह खिताबी जीत खास उपलब्धि है।नागोया में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। थुलासिमथी और मानसी के स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या 28 हो गई है।

संदीप ने विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण, अजय को कांस्य



आइची नागोया (एजेंसी)। एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को पुरुषों की 400 मीटर टी64 स्पर्धा में संदीप ने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि हमवतन अजय कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा निमिषा चक्कुंगलपरंबिल ने महिला लंबी कूद टी47 और परमोद बिजारनिया ने पुरुष 1500 मीटर टी46 स्पर्धा में रजत पदक जीते। हालांकि, चक्का फेंक में प्रवीण शर्मा और गोला फेंक में अमीषा रावत चौथे स्थान पर रहे। भारत के संदीप ने पुरुषों की 400 मीटर टी64 फाइनल में 52.28 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इस प्रदर्शन के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया। संदीप ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सऊदी अरब के नूर अलसाना को 0.85 सेकंड से पीछे छोड़ा। नूर ने 53.13 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता। भारत के अजय कुमार ने भी इस स्पर्धा में पदक जीता। उन्होंने 53.61 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक अपने नाम किया। उनका समय गेम्स रिकॉर्ड रहा। अजय फिनिश लाइन पर संदीप से 1.33 सेकंड पीछे रहे। संदीप का रिएक्शन टाइम 0.264 सेकंड था। संदीप और नूर टी44 वर्ग में आते हैं, जबकि अजय टी64 वर्ग के खिलाड़ी हैं। निचले अंगों से जुड़ी दिव्यांगता की इन दोनों श्रेणियों के खिलाड़ियों को अक्सर एक साथ दौड़ाया जाता है। भारत की निमिषा चक्कुंगलपरंबिल ने महिला लंबी कूद टी47 स्पर्धा में रजत पदक जीता।

पोलियो को हराकर मोना बनीं विश्व रिकॉर्डधारी, जीता दूसरा गोल्ड, हनी को भाला फेंक में स्वर्ण

आइची नागोया (एजेंसी)। एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने विश्व रिकॉर्ड के साथ दो स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। निशानेबाज मोना अग्रवाल ने महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में 357.5 अंक हासिल कर विश्व रिकॉर्ड बनाया, जबकि हनी ने पुरुषों की भाला फेंक एफ37/38 स्पर्धा में 60.49 मीटर का थ्रो कर नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया। मोना और हनी की इन ऐतिहासिक उपलब्धियों ने भारत के पदक अभियान को नयी मजबूती दी।एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। निशानेबाज मोना अग्रवाल ने महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मोना ने 357.5 अंक हासिल किए और स्वीडन की अन्ना बेंसन के 356 अंकों के पिछले विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। मोना की इस उपलब्धि ने भारतीय निशानेबाजी दल को बड़ी सफलता दिलाई।

इस स्पर्धा में चीन की कुइपिंग झांग ने 353.7 अंक के साथ रजत पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की म्योंग किम 344.4 अंक



हासिल कर कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। भारत की एक अन्य निशानेबाज अवनि लेखरा का प्रदर्शन भी चर्चा में रहा, लेकिन वह 333.2 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इस तरह मोना ने पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि अवनि पदक से चूक गईं।

मोना की सफलता इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने निशानेबाजी में अपेक्षाकृत देर से शुरुआत की थी। इससे पहले वह पैरा एथलेटिक्स, पैरा पावरलिफ्टिंग और सिटिंग वॉलीबॉल जैसे खेलों में अपनी क्षमता दिखा चुकी हैं। दिसंबर 2021 में निशानेबाजी को करियर बनाने का फैसला करने के बाद उन्होंने कम समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। अब एशियन पैरा गेम्स में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीतकर उन्होंने अपने सफर में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ दी है।

मोना ने फाइनल से पहले क्वालिफिकेशन दौर में भी शानदार निशानेबाजी की थी। उन्होंने 629.1 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान के साथ फाइनल में प्रवेश किया था और इस दौरान एशियन पैरा गेम्स का क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड भी बनाया था। फाइनल में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीतना उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का प्रमाण है।


निशानेबाजी में मोना की सफलता के बीच भारत के हनी ने एथलेटिक्स में देश का मान बढ़ाया। उन्होंने पुरुषों की भाला फेंक एफ37/38 स्पर्धा में 60.49 मीटर का विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। हनी का यह प्रदर्शन भारतीय पैरा एथलेटिक्स के लिए बड़ी उपलब्धि रहा। उन्होंने अपने शानदार प्रयास से प्रतियोगिता में बाकी खिलाड़ियों को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

ईरान के होर्मोज सेदिकाजपौंजी ने 50.68 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता। चीन के यू चेंगजी ने 53.66 मीटर का थ्रो कर कांस्य पदक अपने नाम किया। चेंगजी का प्रदर्शन एशियाई रिकॉर्ड रहा। हालांकि, इस स्पर्धा में खिलाड़ियों की रैंकिंग केवल दूरी के आधार पर तय नहीं हुई। एफ37 और एफ38 वर्ग के खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया और अंतिम स्थान निर्धारण में रजा अंक भी अहम रहे। हनी ने 1116 रजा अंक हासिल किए और स्वर्ण पदक जीता।

हनी ने प्रतियोगिता में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और निर्णायक प्रयास में 60.49 मीटर का थ्रो कर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। उनका यह प्रदर्शन दिखाता है कि वह एफ37 वर्ग में दुनिया के शीर्ष पैरा एथलीटों में अपनी जगह बना चुके हैं।

हरविंदर-विजय ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण, भावना-पूजा को रजत

आइची नागोया (एजेंसी)। एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। हरविंदर सिंह और विजय सुंडी ने पुरुष रिकर्व युगल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में चीन को 5-1 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं, महिला रिकर्व युगल स्पर्धा में भारत की भावना चौधरी और पूजा जात्यान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उन्हें फाइनल में चीन की जोड़ी के खिलाफ 0-6 से हार मिली।



हरविंदर सिंह और विजय सुंडी ने पुरुष पैरा रिकर्व युगल स्पर्धा के फाइनल में चीन के डुओ युन और झाओ लिक्सुए को 5-1 से हराया। नागोया के ओकाजाकी चुओ सोगो पार्क मल्टीपर्पज स्क्वायर में खेले गए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। मुकाबले का पहला सेट 35-35 से बराबर रहा। इसके बाद भारतीय तीरंदाजों ने दूसरे सेट में 37-36 और तीसरे सेट में 38-36 से जीत दर्ज की। लगातार दो सेट जीतकर हरविंदर और विजय ने खिताब अपने नाम कर लिया।

अरविंद फिर बने अध्यक्ष, रतन महासचिव निर्वाचित

पटना। बिहार टेबल टेनिस संघ की सत्र 2026-30 की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए शुक्रवार को पटना के एग्जीबिशन रोड चौराहे स्थित होटल अकिला (द नेक्सस) में



चुनाव संपन्न हुआ। संघ के सभी 13 पदों पर

बिहार टेबल टेनिस संघ का चुनाव संपन्न

उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। अरविन्द कुमार सिंह पुन: अध्यक्ष और राजीव रतन सिंह महासचिव निर्वाचित हुए। दोनों को लगातार दूसरी बार जिम्मेदारी मिलने से संघ के सदस्यों ने उनके नेतृत्व पर विश्वास जताया है। पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं निर्वाचन पदाधिकारी पतंजलि ऋषि ने चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिणामों की घोषणा की। चुनाव के दौरान टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव समरजीत सिंह, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के आनंदी कुमार तथा बिहार ओलंपिक संघ के देवाशीष बनर्जी पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। दोबारा अध्यक्ष निर्वाचित अरविन्द कुमार सिंह ने संघ के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में टेबल टेनिस के विकास के लिए पिछले कार्यकाल में किए गए प्रयासों को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी। महासचिव राजीव रतन सिंह ने भी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि पिछले कार्यकाल के अनुभवों का लाभ लेकर जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं का विस्तार, उभरती प्रतिभाओं की पहचान और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने नई कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के सहयोग से संघ को और सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

भारत बनाम न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी-20 मुकाबला आज

क्राइस्टचर्च (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड बीच लंबी सीरीज का आगाज हो चुका है। पहला टी20 मैच गुरुवार को खेला गया, जो काफी रोचक रहा और भारतीय टीम ने इसमें जीत दर्ज कर सीरीज में बढ़त बना ली है। अब सीरीज का अगला यानी दूसरा मैच आज खेला जाएगा। ये जान लीजिए, साथ ही ये भी जान लीजिए कि ये मैच कितने बजे से शुरू होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि ये मैच भारतीय समय अनुसार दिन में खेले जा रहे हैं। भारत बनाम न्यूजीलैंड दूसरा मैच भी क्राइस्टचर्च के उसी मैदान पर खेला जाएगा, जहां पहला मैच हुआ था। जिस तरह से पहले मैच में पहली और दूसरी दोनों पारियों में 200 से अधिक का स्कोर बना, उसी की उम्मीद फिर से की जा सकती है। मैदान वही होगा, हालांकि पिच बदली जा सकती है, लेकिन फिर भी हो सकता है कि एक हाईस्कोरिंग मैच देखने के लिए मिले। इस बीच दूसरा मैच शनिवार को होना है। ये मैच भारतीय समय अनुसार दोपहर साढ़े 12 बजे से शुरू होगा। इससे आधे घंटे पहले यानी 12 बजे टॉस होगा। मैच करीब चार बजे तक चल सकता है। टीम इंडिया की कोशिश होगी कि इस मैच को भी जीता जाए, वहीं न्यूजीलैंड की कोशिश पलटवार की होगी। सीरीज पांच मैचों की है।



ईशान किशन दूसरे टी-20 से बाहर

क्राइस्टचर्च (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन चोट के कारण शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 से बाहर हो गए हैं। उन्हें यह चोट सीरीज के पहले मुकाबले के दौरान लगी थी। भारत ने गुरुवार को खेले गए पहले टी20 में चार विकेट से जीत दर्ज की थी। अब ईशान की गैरमौजूदगी में सवाल है कि क्या युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को मौका मिलेगा? बीसीसीआई ने शुक्रवार को ईशान के दूसरे टी20 से बाहर होने की पुष्टि की। बोर्ड के अनुसार, ईशान दाएं पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट से जूझ रहे हैं। इसे लो-ग्रेड राइट एडडक्टर स्ट्रेन कहा जाता है।

भारत-ए बनाम न्यूजीलैंड-ए के बीच चारदिवसीय मुकाबला आज



वेलिंगटन (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने भारत ए के खिलाफ तीन चार दिवसीय मैचों के लिए 19 सदस्यीय विस्तारित टीम घोषित की है। इस टीम में 11 ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो न्यूजीलैंड की अंतरराष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। सीरीज का पहला मुकाबला शनिवार से लिंकन यूनिवर्सिटी के बर्ट सटक्लिफ ओवल में खेला जाएगा। वहीं, झारखंड के 21 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज शिखर मोहन को घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन के बाद भारत ए टीम में शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड ए की पहले दो मैचों में कप्तानी राइस मारियू करेंगे। तीसरे मुकाबले के लिए कप्तान का फैसला बाद में किया जाएगा। न्यूजीलैंड के नए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी निक केली तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनके अलावा आदि अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मैट फिशर, मिच हे, जेडन लेनॉक्स, बेन लिस्टर, हेनरी निकोल्स और टिम रोबिन्सन भी टीम में शामिल हैं। यह सीरीज न्यूजीलैंड और भारत के बीच होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज तथा न्यूजीलैंड की घरेलू 50 ओवर की प्रतियोगिता के साथ खेली जाएगी। इसी कारण प्रत्येक मैच के लिए 13 खिलाड़ियों की टीम तैयार की जाएगी, जबकि बाकी खिलाड़ी फोर्ड ट्रॉफी में हिस्सा लेंगे।

पहला वनडे में भारत नौ विकेट से जीता

श्रीचरणी-क्रांति गौड़ के बाद प्रतिका रावल का नाबाद सैकड़ा, 1-0 की बढ़त बनायी

वडोदरा (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम ने टी20 सीरीज के बाद वनडे में भी अपना दबदबा कायम रखा है। शुक्रवार को खेले गए पहले वनडे मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने पहले जिम्बाब्वे को 197 रन पर समेटा और फिर प्रतिका रावल की नाबाद शतकीय पारी के दम पर टीम को शानदार जीत दिलाई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम 49.5 ओवर में 197 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से श्री चरणी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 रन देकर चार विकेट झटके। वहीं, क्रांति गौड़ ने 42 रन देकर तीन विकेट हासिल किए, जबकि दीप्ति शर्मा को दो सफलताएं मिलीं। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी पर दबाव बनाए रखा। श्री चरणी ने सलामी बल्लेबाज मोडेस्टर मुपाचिकवा (25) और चिपो मुगेरी-तिरिपानो को आउट कर टीम को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद उन्होंने न्याशा ग्वांजुरा (13) और मिशेल मावुंगा को पवेलियन भेजकर जिम्बाब्वे की मुश्किलें बढ़ा दीं। जिम्बाब्वे की ओर से बिलव्ड बिजा ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। उन्होंने 92 गेंदों का सामना करते हुए पांच चौके लगाए और एक छोर संभालकर भारतीय गेंदबाजों का मुकाबला



किया। हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला और जिम्बाब्वे की पूरी टीम 200 रन का आंकड़ा छूने से पहले ही सिमट गई। भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन के बावजूद फील्डिंग में टीम कुछ मौकों पर कमजोर नजर आई। शुरुआती ओवरों में मुपाचिकवा और मुगेरी-तिरिपानो के कैच छूटे, जबकि बाद में मिशेल मावुंगा का एक मुश्किल कैच भी पकड़ने में भारतीय खिलाड़ी नाकाम रहीं।

198 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने शानदार शतक जड़ते हुए नाबाद पारी खेली और टीम को जीत तक पहुंचाया। इस दौरान पहले विकेट के लिए उन्होंने कप्तान स्मृति मंधाना के साथ 94 रनों की साझेदारी निभाई। मंधाना 32 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटीं। इसके बाद प्रतिका को शेफाली वर्मा का साथ मिला। शेफाली भी शानदार फॉर्म में नजर आईं और 64 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने 27.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 200 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम ने शुरुआत से ही रन गति बनाए रखी और जिम्बाब्वे के गेंदबाजों को वापसी का मौका नहीं दिया। प्रतिका की शानदार बल्लेबाजी ने मुकाबले को एकतरफा बना दिया। भारत ने महज 27.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर नौ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम ने वनडे में भी अपनी लय बरकरार रखी।

फिनिक्स बी और वाईसीसी क्वार्टर फाइनल में



पटना। सीएबी ग्राउंड पर खेले जा रहे द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में फिनिक्स टीम बी और वाईसीसी क्रिकेट एकेडमी ने जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। फिनिक्स ने बीपीसीए रेड को 71 रन से हराया, जबकि वाईसीसी ने बिहार कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी को चार विकेट से मात दी। बीपीसीए रेड ने टॉस जीतकर फिनिक्स टीम बी को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। फिनिक्स ने निर्धारित 21 ओवर में दो विकेट पर 202 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम को 69 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। बीपीसीए रेड की ओर से अनमोल राज ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीपीसीए रेड की टीम नौ विकेट पर 131 रन ही बना सकी। फिनिक्स की ओर से श्रीमंतो ने पांच ओवर में महज 12 रन देकर पांच विकेट चटकाए। अधिराज पांडे, शुभम राज, विनायक और आयुष राज को एक-एक विकेट मिला। शानदार गेंदबाजी के लिए श्रीमंतो को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में बिहार कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 96 रन पर अपने सभी विकेट गंवा दिए। फैज मजहर ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। वाईसीसी की ओर से कप्तान अंशुमान ने पांच ओवर में 16 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि हिमांशु राज ने चार ओवर में 20 रन खर्च कर तीन विकेट हासिल किए। जवाब में वाईसीसी क्रिकेट एकेडमी ने छह विकेट खोकर 20 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। अनुराग ने 23, कुंदन यादव ने नाबाद 22 और निशित नलीन ने नाबाद 14 रन बनाए। टीम को अतिरिक्त के रूप में 20 रन मिले। बिहार कैम्ब्रिज की ओर से फैज मजहर ने दो विकेट लिए। शानदार गेंदबाजी के लिए अंशुमान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

बीसीए ने दस्तावेज सत्यापन के लिए महिला अंडर-15 में 78 खिलाड़ियों की सूची जारी की

पटना। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के प्रशासक एवं पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति श्री अश्वनी कुमार सिंह के आदेशानुसार बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ी महिला चयन समिति ने सत्र 2025-26 के महिला अंडर-15 घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने वाले कुल 78 खिलाड़ियों के दस्तावेजों के सत्यापन के लिए आज सूचना जारी कर दिया। इस संबंध में चयन समिति ने सभी संबंधित खिलाड़ियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ 24 अक्टूबर 2026 को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय में अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया है। महिला चयन समिति के अनुसार, दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सत्यापन में पात्र पाए जाने वाले खिलाड़ियों को ञ्ज3 मेडिकल टेस्ट से गुजरना होगा। यह प्रक्रिया निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी की जाएगी। एसोसिएशन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सभी खिलाड़ियों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ उनकी रंगीन छायाप्रतियाँ भी प्रस्तुत करनी होंगी।

पूर्व मध्य रेल

जन सुचना

प्रफोरमा 10 – 01

रेलवे लाइनों एवं इस के सारे स्थलों के प्रयोग करने वाले सभी लोगों को सुचित किया जाता है कि पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मण्डल, पूर्व मध्य रेलवे के वैशाली/टी.एस.एस. के लिए 132/25 के.वी. ए.सी. विद्युत उपस्कर एवं पावर सप्लाइ नई रेल लाइन का कार्य चल रहा है। अतः नीचे दिए हुए खण्ड के बिजली के तारों को निम्नांकित तिथि से सभी समय के लिए विद्युत युक्त समझा जाए एवं कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति विद्युत उपस्कर के निकट न आयें और न ही कोई कार्य करें।

खण्ड	रेलवे	मण्डल	किलोमीटर		विद्युत युक्त का दिनांक
			कहाँ से	कहाँ तक	
वैशाली/टी.एस.एस.	पूर्व मध्य रेलवे	सोनपुर मंडल	KM-35/09	KM-35/12	30.11.2026 (on or after)

प्रफॉर्मा 10 – 02

चेतावनी सुचना

पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मण्डल के वैशाली/टी.एस.एस. के लिए 132/25 के.वी. ए.सी. विद्युत उपस्कर के सम्बन्ध में।

लेवल क्रासिंग फाटकों पर हाइट गेज के सम्बन्ध में रोड उपभोक्ताओं को चेतावनी

जन साधारण को सुचना के लिए यह अधिसुचित किया जाता है कि निम्नांकित सोनपुर मण्डल, पूर्व मध्य रेलवे के वैशाली/टी.एस.एस. पर निम्नांकित तिथि से कर्षण के लिए 132/25 के.वी. ए.सी. पर चार्ज किया जाएगा तथा इस के कारण रेल समपार फाटकों पर हाइट गेज लगा दिया गया है जिनकी उँचाई सड़क तल से 4.78 मीटर है जो अत्यधिक उँचाई वाले माल (लोड) को "जीवित" कर्षण तारों से सम्पर्क में आने अथवा खतरनाक नजदीकी में आने से रोकें।

खण्ड	विद्युत युक्त का दिनांक
वैशाली/टी.एस.एस.	30.11.2026

जनसाधारण को अभी से ये सुचित किया जाता है कि रोड पर चलने वाली गाड़ियों पर माल की लदाई करते समय उपरोक्त उँचाई का ध्यान रखें एवं यह भी देखें कि सड़क परिवहन की गाड़ियों पर लदे सामान इन हाइट गेज से किसी भी परिस्थिति में न टकरायें।

अत्यधिक उँचाई वाले लोड को निम्नलिखित खतरे हैं।

हाइट गेज को खतरा एवं इसके फलस्वरूप रोड एवं रेल का अवरूध होना। 1. लादे गये सामान एवं इक्विपमेंट तथा/अथवा गाड़ी को खतरा। 2. जीवित तारों के सर्म्पक अथवा खतरनाक नजदीकी से आग लगने का खतरा एवं जान माल का खतरा।

उप मुख्य विद्युत अभि./निमार्ण/उत्तर./पूमरे/समस्तीपुर

पीआर/1173/एसपीजे/वि./एन/26-27/120